DAINIK BIHAR PATRIKA

# दैनिक बिहार पत्रिका

सच के साथ

पटना, शुक्रवार, 16 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 01 | पेज- 04 | वर्ष 04 | dainikbiharpatrika.com

**सुविचार**

“तुम पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है, पत्थर जैसे ना बनो जो दूसरों का भी रास्ता रोक लेता है।”

दैनिक बिहार पत्रिका में खबर प्रकाशित करवाने एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें - 9801716267

## डीआरएम ने जर्जर स्थिति में पहुंच चुके यात्री निवास का किया निरीक्षण

### 1 करोड़ 30 लाख की आवंटित राशि से होगा कायाकल्प

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन



**बौंसी। बांका। बिहार।** डीआरएम विकास चौबे ने मंदारहिल रेलवे स्थित जर्जर स्थिति में पहुंच चुके यात्री निवास का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस भवन को आईआरसीटी को सौंप दिया जायेगा जबकि वीआईपी गेस्ट हाउस को रिटायरिंग रूम में तब्दील किया जायेगा। एक करोड़ 30 लाख रुपए की आवंटित राशि से मंदारहिल रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, बिजली, पानी, सड़क बनवाने के अलावे यात्रियों को सुविधा के लिए 11 मीटर लंबा चौड़ा वेटिंग रूम का निर्माण कार्य करवाया जायेगा। स्टेशन में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रोजेक्ट मैनेजर (गति शक्ति इकाई) आर वी नागरावल, वरिष्ठ मंडल अभियंता नीरज कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा पदाधिकारी बीबीपी कुशवाहा, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता आदित्य अंबर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सत्येंद्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ मंडल यात्रिक अभियंता पावर सिद्धार्य, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता सुजीत कुमार अनुज, एरिया ऑफिसर भागलपुर सचिन कुमार, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक मालदा विजय सिंह, अवर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक भागलपुर डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## मैट्रिक परीक्षा केंद्र का बांका डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

दैनिक बिहार पत्रिका। प्रदीप कुमार



जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सत्यप्रकाश द्वारा मैट्रिक परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा कदाचारमुक्त संपन्न कराने को लेकर आरएमके उच्च विद्यालय, एलएनडी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि मैट्रिक परीक्षा 15 फरवरी से प्रारंभ होकर 23 फरवरी तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी भ्रमणशील रहे। परीक्षा के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष अनुमंडल कार्यालय में बनाया गया है। जिला कंट्रोल रूम से परीक्षा की पल- पल की जानकारी ली जा रही थी। प्रथम पाली में कुल छात्र 15990 में से 15716 उपस्थित थे जबकि 274 छात्र अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में कुल छात्र 15778 में से 15465 उपस्थित थे जबकि 313 छात्र अनुपस्थित पाए गए।

## मतदाता जागरूकता के साथ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन



**दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन, बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बौंसी प्रखंड अंतर्गत कुडरो पंचायत के जनजाति ग्राम मरसा में जिला प्रशासन बॉंका द्वारा गुरुवार को चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों का स्टॉल भी लगाया गया था। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान भी चलाई गई। कार्यक्रम अंशुल कुमार, जिलाधिकारी बॉंका, पुलिस कप्तान डॉ0 सत्यप्रकाश, उप विकास आयुक्त बॉंका, एडीएम बॉंका, प्रमुख विरसा सोरेन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में बॉंका जिला ही एक ऐसा जिला है जहां पहाड़ियां जनजाति के लोग रहते है। इन्हें चिन्हित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु ही इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में जिला प्रशासन आये हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत काफी मायने रखती है। नयी सरकार के गठन के लिए यह जरूरी है कि नये मतदाताओं की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अठारह वर्ष जिनकी उम्र हो गयी है और मतदाता सूची में अभी तक नाम दर्ज नहीं हुआ है, अपने नजदीकी बीएलओ के पास जाकर अपना दर्ज करायें। जिलाधिकारी अपने दल- बल के साथ गांव घुम- घुमकर विकास से संबंधित जायजा लिया। मौके पर बौंसी बीडीओ अमित कुमार को नये प्राथमिक विद्यालय हेतु जमीन चिन्हित कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## हंसवाहिनी के विदाई पर भावुक हुए भक्त

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा





**बिहार।** कमल पुष्प पर विराजने वाली मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन पूजा समितियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ किया गया। विसर्जन के दौरान छोटे- बड़े सभी लोगों के अलावा छात्र और छात्राओं ने विद्यादायिनी माता सरस्वती की प्रतिमा को नाचते और गाते हुए विभिन्न प्रकार के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा, साथ ही सभी भक्ति गानों की धुन पर थिरकते हुए माता की प्रतिमाओं को भ्रमण कराकर तलाब में ले जाकर विसर्जन किया। इस अवसर पर सच्ची खबर अच्छी खबर की टोली अल्का सक्सेना, पूजा झा, रोजी रानी, नेहा मिश्रा, पायल झा, रागिनी मिश्रा, दीपा मिश्रा, सोनाली झा, नीभा मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, नेहा दीक्षित, निशा झा अबीर गुलाल उड़ाते हुए उत्साह के साथ निकली। छात्राएं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए पूजा की शुभकामनाएं दे रही थी। छात्राओं ने बताया कि मां सरस्वती की विदाई पर सुहागिनों ने खोईचा भराई की रस्म अदा की। सबने हार्दिक पावन आस्था के साथ मां को विदा किया।

## डीएम ने 25 छात्राओं के बीच स्कूल बैग का किया वितरण



### छात्राओं ने जिलाधिकारी से बालिका छात्रावास का भी मांग को रखा

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बौंसी प्रखंड के कुडरो पंचायत अंतर्गत मरसा गांव में जिला प्रशासन बॉंका द्वारा चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। एलएनडी प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में छात्रा ऋटि, खुशबू, मुस्कान खातून, नासरीन और तुलसी ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। दीर्घा में बैठे छात्राओं से मिलकर जिलाधिकारी ने छात्राओं की क्लास से संबंधित जानकारी ली। मौके पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिलाधिकारी ने 25 छात्राओं के बीच स्कूल बैग का मुफ्त वितरण किया गया। छात्राओं ने ईवीएम मशीन और वीवी पैड द्वारा होने वाली चुनाव से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। छात्राओं ने जिलाधिकारी से बालिका शिक्षा हेतु बेहतर अध्ययन हेतु बालिका छात्रावास का भी मांग को रखा। मौके पर वरीय शिक्षक पवन कुमार त्रिभुवन ने डीडीसी बॉंका के आदेश पर मतदाता जागरूकता हेतु संबोधित करने को कहा गया। अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में जनता के पास अधिकार होता है कि अपना कीमती वोट देकर बेहतर सरकार के गठन में सहयोग करें। यह तभी होगा जब अठारह वर्ष के सभी मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायेंगे। वोट की ताकत को समझना होगा। लोगों में मतदाता जागरूकता बहुत जरूरी है। मौके पर वरीय शिक्षक पवन कुमार त्रिभुवन, शिक्षिका अंजनी कुमारी, गिरिधर पासवान, छात्रा तुलसी, मुस्कान खातून, नासरीन खातून, कल्पना, खुशी, वर्षा, अंशु, ऋतु, मोनिका, रिमझिम, परी, स्नेहा, अनु, करुणा सहित अन्य छात्राएं मौजूद थे।

## सन्हौला पुलिस ने देशी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार, टोटो जब्त



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला पुलिस ने 70 लीटर देशी शराब के साथ शराब तस्कर सहित टोटो को पकड़ा है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद भुड़िया मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी क्रम में एक टोटो को रोका गया, टोटो से शराब की दुर्गंध आ रही थी। थाना लाकर जब टोटो का जांच किया गया तो प्लास्टिक के बोरा में 14 उजले प्लास्टिक में कुल 70 लीटर देशी शराब मिला। गिरफ्तार टोटो चालक फाजिलपुर निवासी नीतीश कुमार ने बताया की झारखंड के बसंतराय में एक व्यक्ति ने दो हजार रुपये भाड़ा देने की बात कर बोरा को थानाक्षेत्र के सकरामा गांव तक पहुंचाने की बात की। उस व्यक्ति ने यह भी बताया कि वहां एक मोटरसाइकिल सवार इस बोरा को ले लेगा, लेकिन इसी बीच वह पुलिस के गिरफ्त में आ गया।

## नम आंखों से मां सरस्वती को दी गई विदाई

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** मां सरस्वती की मूर्ति का विसर्जन गुरुवार को शुरु हो गया। प्रखंड क्षेत्र में कुछ जगहों पर नम आंखों से मां सरस्वती को गुरुवार को विदाई दी गई। हालांकि गुरुवार होने की वजह से कम विसर्जन किया गया। इसी कड़ी में नवयुवक के अध्यक्ष सुभाष पासवान मीडिया प्रभारी भाजपा उत्तरी मंडल दिवाकर पासवान, उपाध्यक्ष, सचिव अभिषेक पासवान, उप सचिव दीपक पासवान, संतोष कुमार, टिंकू कुमार, चिंटू कुमार, सौरभ कुमार, आकाश कुमार, सूरज कुमार, दिलखुश कुमार, भोला कुमार, दिपक कुमार, बौंसी प्रखंड अंतर्गत कुडरो पंचायत के जनजाति ग्राम मरसा के नवयुवकों द्वारा मूर्ति विसर्जन किया गया। मालूम हो कि बौंसी प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को मां सरस्वती की पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई थी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन द्वारा प्रखंड क्षेत्र में पैनी नजर रखी गई थी और अब विसर्जन गाइडलाइन के मुताबिक ही करनी पड़ेगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन द्वारा विधि- व्यवस्था के तहत विभिन्न जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## सन्हौला: स्प्रिंग हिल पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं का जलवा





दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

### विद्यालय परिसर में आयोजित सरस्वती पूजा समारोह भी धूमधाम से मनाया गया।

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला प्रखंड के स्प्रिंग हिल पब्लिक स्कूल सुंदर नगर, महेशपुर में सरस्वती पूजा के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान और कला की इस प्रदर्शनी में छात्रों ने खुलकर भाग लिया और अपने-अपने मॉडलों की प्रस्तुति की। कई दिनों से मेहनत कर रहे कक्षा तीसरी से आठवीं तक के बच्चों ने प्रदर्शनी में अपना- अपना जलवा दिखाया। प्रदर्शनी में काउंटर पर लगाए गए हाइड्रोलिक ब्रिज, सिक्योरिटी अलार्म, हाईटेक स्मार्ट सिटी, अमेजिंग फाउंटेन, सेव अर्थ, एनिमल जू इत्यादि का अभिभावकों ने जमकर प्रशंसा की। इस प्रदर्शनी में अंशुमन नारायण, आर्यन केशरी, रुद्र शिवम, पल्लवी प्रिया, सोनी कुमारी, आस्था कुमारी, नाव्या, तमन्ना, ज्योति, संचिता, संजना, आदित्य व अर्पित राज की प्रदर्शनी को उपस्थित अभिभावकों ने काफी सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अंकित गोस्वामी, साइंस टीचर उत्तम कुमार चौधरी, मुरारी मंडल सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। अभिभावकों ने छात्रों के लगन और प्रतिभा की काफी सराहना की। विद्यालय परिसर में आयोजित सरस्वती पूजा समारोह भी धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने माँ सरस्वती की पूजा- अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

# शिव सुभद्रा विद्यालय में स्थापना दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन







दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत रजौन बाजार स्थित सुप्रसिद्ध शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल सह मॉडर्न आवासीय विद्यालय के 28वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को विद्यालय परिसर के मैदान में स्थित रंगमच से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि मॉडर्न आवासीय विद्यालय की स्थापना 27 जनवरी 1981 को हुई थी एवं विद्यालय भवन का उद्घाटन बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर सिंह की धर्मपत्नी सह तत्कालीन बांका सांसद मनोरमा सिंह ने 1984 में की थी। स्थापना दिवस को लेकर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मॉडर्न वेलफेयर सोसायटी के अंतर्गत आने वाले तीन विद्यालय मॉडर्न आवसीय विद्यालय, शिव शुभद्रा पब्लिक स्कूल एवं किडजेनिया प्ले स्कूल के छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सिल्क सिटी भागलपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 डीपी सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रेणुबाला सिंह के साथ- साथ विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ0 रामसेवक सिंह, निर्देशक निलेश कुमार, दीप नारायण सिंह भूसिया महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर जीवन प्रसाद सिंह, दिवाकर प्रसाद यादव, देवनंदन श्रीवास्तव, सिकंदर यादव, सत्यनारायण सिंह, जयप्रकाश वर्मा, शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नवरत्न मंडल, मॉडर्न आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयनारायण सिंह सहित अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र के बाद सर्वप्रथम किडजेनिया प्ले स्कूल के नन्हे- मुन्ने बच्चों के द्वारा वेलकम सांग (स्वागत नृत्य) के पश्चात शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के द्वारा गणेश वंदना एवं उसके बाद मॉडर्न आवासीय विद्यालय के छात्राओं के सरस्वती वंदना के साथ हुई। उसके बाद तीनों विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, सोलो डांस, कविता, रिकॉर्डिंग डांस का प्रदर्शन किया। इस दौरान शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के निर्देशक निलेश कुमार, प्रधानाध्यापक नवरत्न मंडल, मॉडर्न आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयनारायण सिंह राकेश कुमार, प्रीतम कुमार भारती के साथ साथ विद्यालय के छात्र छात्राएं बारी- बारी से मंच संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक, शिक्षाविद् आदि शिरकत कर रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन छात्र-छात्राओं के प्रस्तुति सूची की लंबी श्रृंखला को देखते हुए देर रात्रि तक चलने की संभावना संस्थान द्वारा जताई गई है। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक रूप से भव्यतापूर्ण तोरण द्वार, बैलून एवं शानदार समियाना एवं बैठने की सुंदर व्यवस्था की गई थी। शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के ब्लैक कमांडो दस्ता अपने प्रतिभा को निखारते हुए डटे हुए देखे जा रहे थे। ब्लैक कमांडो दस्ता कार्यक्रम स्थल के रंगमंच से लेकर इर्द-गिर्द मोर्चा संभाल रहे थे। वहीं दर्शक दीर्घा में बैठे हुए दर्शक आदि छात्रों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विद्यालय की अच्छी व्यवस्था को देखते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते देखे गए। इस अवसर पर संस्थान के आरके पाठक, नीमानंद मेहता, ईशाक, अमन, राकेश सहित अन्य मौजूद रहे।

वरिष्ठ पत्रकार कुमुद रंजन राव व प्रीतम कुमार राव को सम्मानित करते विद्यालय के प्रधानाध्यापक



## नन्हें - मुन्नें बाल कलाकारों ने दर्शकों का जीता दिल





पत्रकार अमित कुमार झा को सम्मानित करते विद्यालय के निर्देशक निलेश कुमार



## रंगमंच के इर्द- गिर्द मोर्चा संभालते ब्लैक कमांडो



# रजौन: शिव सुभद्रा विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत रजौन बाजार स्थित सुप्रसिद्ध शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल सह मॉडर्न आवासीय विद्यालय व किड्जेनिया प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सिल्क सिटी भागलपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 डीपी सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रेणुबाला सिंह के साथ- साथ विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ0 रामसेवक सिंह, निर्देशक निलेश कुमार, किडजेनिया प्ले स्कूल की प्रधानाध्यापिका सृष्टि कुमारी, दीप नारायण सिंह भूसिया महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर जीवन प्रसाद सिंह, दिवाकर प्रसाद यादव, देवनंदन श्रीवास्तव, सिकंदर यादव, सत्यनारायण सिंह, जयप्रकाश वर्मा, शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नवरत्न मंडल, मॉडर्न आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयनारायण सिंह सहित अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र के बाद सर्वप्रथम किडजेनिया प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा वेलकम सांग (स्वागत नृत्य) के पश्चात शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के द्वारा गणेश वंदना एवं उसके बाद मॉडर्न आवासीय विद्यालय के छात्राओं के सरस्वती वंदना के साथ हुई। उसके बाद तीनों विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, सोलो डांस, कविता, रिकॉर्डिंग डांस का प्रदर्शन किया। इस दौरान शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के निर्देशक निलेश कुमार, प्रधानाध्यापक नवरत्न मंडल, मॉडर्न आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयनारायण सिंह राकेश कुमार, प्रीतम कुमार भारती के साथ- साथ विद्यालय के छात्र छात्राएं बारी- बारी से मंच संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक, शिक्षाविद् आदि शिरकत कर रहे थे। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ0 डीपी सिंह ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में मनोरंजन अति- आवश्यक है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से जहां एक तरफ ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा उभरकर सामने आती है तो वहीं दूसरी तरफ छात्र एवं छात्राओं की मष्तिष्क का विकास होता है। आज रजौन बाजार के बीचों-बीच अवस्थित शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल जिला में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए मौजूद सुविधा मनमोह लेती है। मौके पर विद्यालय के व्यवस्थापक डॉक्टर रामसेवक सिंह ने बताया कि आज के बदलते परिवेश में छात्र एवं छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बेहद जरूरी हो चुकी है। शिक्षा के बिना पूरा जीवन अंधकारमय हो जाती है। वैसी स्थिति में वर्षों से शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल छात्र एवं छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य कर रही है। साथ ही दूरदराज के छात्रों के लिए आवास की भी सुविधा विद्यालय में उपलब्ध है। इस अवसर पर किड्जेनिया प्ले स्कूल की प्रधानाध्यापिका सृष्टि कुमारी, शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नवरत्न मंडल, मॉडर्न आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयनारायण सिंह, राकेश कुमार, नीमानंद मेहता, आरके पाठक, कौशल किशोर पांडेय, जयराम कुमार, रूपेश कुमार, कौशल किशोर पांडेय, मनोरंजन पंडा, अमन कुमार, वकील प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार कुमुद रंजन राव, पत्रकार अश्विनी श्रीवास्तव, पत्रकार अमित कुमार झा, पत्रकार प्रीतम कुमार राव समेत हजारों की संख्या में छात्र- छात्रायें एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

संथाली डांस प्रस्तुत करती छात्राएं



मुख्य अतिथि, विद्यालय परिवार व शिक्षाविद्




मुख्य अतिथि डॉ० डीपी सिंह



मंच संचालन में भूमिका निभाते हुए पत्रकार अमित कुमार झा




संबोधित करते विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ० रामसेवक सिंह



# जिले में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का किया गया उद्घाटन

## इच्छुक दम्पत्ति अब ले सकेंगे अनाथ बच्चों को गोद





**दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया**

अपर समाहर्ता,खगड़िया द्वारा उमा सदन, गौशाला रोड, खगड़िया में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (SAA) का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा बताया गया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (SAA) का खगड़िया में खुलना जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य है अनाथ/परित्यक्त बालकों को घर/परिवार मिलाने में मदद करना, जहाँ उन्हें सही पोषण, प्रेम एवं शिक्षा प्रदान हो सके। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल सरंक्षण इकाई, खगड़िया द्वारा जानकारी दी गई की इस संस्थान में शून्य से 06 वर्ष आयु वर्ग के अनाथ / परित्यक्त बालक/बालिकाओं को आवासित किया जायेगा एवं नियमानुकूल कानूनी प्रक्रिया के बाद बाल कल्याण समिति द्वारा उक्त बालक/बालिकाओं को दत्तकग्रहण हेतु कानूनी रुप से मुक्त करते हुए, कानूनी रुप से स्थायी परिवार उपलब्ध करायेगा। दत्तक ग्रहण लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/दम्पति केन्द्रीय दत्तकग्रहण संस्थान (CARA) के वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन करेंगे एवं आवश्यक माप दंडों को पूरा करने के उपरांत उन्हे बालक / बालिकाओं को गोद दिया जायेगा। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, खगड़िया, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, खगड़िया जिला बाल संरक्षण इकाई, खगड़िया एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, खगड़िया के सभी पदाधिकारी, कर्मी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला दिल्ली में हुआ उच्चल का लोकार्पण





**प्रवीण कुमार प्रियांशु। खगड़िया**

सरस्वती के वरदपुत्र पं.सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती, आर्यावर्त में आर्य समाज की स्थापना एवं समाज कल्याण का कार्य करके यशस्वी हुए दया नन्द सरस्वती तथा संत वेलेंटाइन की पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में ग़ज़ल गुरु अनिरुद्ध सिन्हा जी एवं अरुण कुमार गौतम जी सदृश्य कतिपय विद्वानों की समुपस्थिति में श्वेतवर्णा प्रकाशन के राहुल शिवाय के संयोजन में सरस्वती पूजा के मौके पर खगड़िया जिले की चर्चित कवयित्री व महादेवी वर्मा पुरस्कार से सम्मानित स्वराक्षी स्वरा की दूसरी एकल काव्य संग्रह उच्चल यानी गतिमान या अग्रेसरऽ,, का लोकार्पण किया गया। ज्ञातव्य हो कि उनकी तीन - चार साझा संग्रह भी है। दुर्भाग्यवश स्वरा जी के पिताजी का आकस्मिक निधन तीन दिन पूर्व ही हुआ था जिस वजह से वो शिरकत नहीं कर पाई। काश ! आज उनके पिता जी यह देख पाते तो कितने खुश होते! अपने पिता के छः संतानों में सबसे बड़ी श्वेता साक्षी ने कड़ी मिहनत करके साहित्यकारों के बीच अपनी पहचान बनाई है, उसके लिए वह बधाई की पात्र है। इसके पहले भी उसकी प्रथम काव्य संग्रह तिमिरांतिका भी खूब बिकी एवं यश अर्जित किया।इस दूसरी पुस्तक के प्रकाशन एवं लोकार्पण होने पर अनेक साहित्यकारों ने बधाई दी है। उनमें से डा.के.के.चौधरी,प्रो.देव बाबू, प्रो.किशोर कुमार यादव, श्याम कुमार, बाबा बैद्यनाथ झा, मुकेश कुमार सिन्हा,अंजु दास व अन्य लोग प्रमुख हैं।

# 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा का देशव्यापी ग्रामीण आम हड़ताल पर होगी धरना प्रदर्शन सभा, पुतला दहन

> मोदी सरकार पूंजीपतियों के लिए बिछाती है महंगी कालीन, अन्नदाता किसान के लिए सड़कों पर ठोक रही है कील - किरण देव यादव

> ट्रेड यूनियन से जुड़े किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाएं संविदा कर्मी से आंदोलन में भाग लेने का किया अपील



**दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया**

देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष सह संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश नेता किरण देव यादव ने दिल्ली के शंभू बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन के साथ दमन करने, जनतांत्रिक अधिकार का हनन करने, सड़क पर बेरीकेटिंग करने, कील ठोकने, सड़क को अवरुद्ध करने तथा पटना में आंदोलनकारी शिक्षकों पर लाठी चार्ज करने, शिक्षकों का अधिकार पर कुठाराघात करने, शिक्षकों का मानसिक शारीरिक श्रम शोषण करने, भाकपा माले के विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को एनडीए का समर्थन नहीं करने पर बदले की भावना से साजिशन आजीवन कारावास की सजा दिलवाने, बिहार सरकार द्वारा जनता के साथ धोखा देने, दल बदल गठबंधन कर जनता को मूर्ख बनाने एवं विकास का कार्य ठप्प करने के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए घोर निंदा किया तथा मोदी एवं नीतीश की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए 16 फरवरी 2024 को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की नीतीश सरकार का पुतला दहन करने, देशव्यापी आम ग्रामीण हड़ताल करने तथा प्रतिरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा। समाहरणालय के समक्ष धरना स्थल पर देश बचाओ अभियान की बैठक की अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में अभियान के महासचिव उमेश ठाकुर, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, सचिव धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष कमल किशोर यादव, संयोजक मधुबाला, चंद्रशेखर मंडल, राम सुचित पासवान, पंकज कुमार, गौतम पासवान, तितली भारती, कालेश्वर ठाकुर, गणेश तांती आदि ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अभियान के संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूंजी पतियों के लिए महंगी कालीन बिछाती है वही देश के अन्नदाता किसानों के आगे सड़क पर कील ठोककर सड़क को अवरुद्ध की जाती है।

वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षक आशा ममता आंगनबाड़ी सेविका सहायिका रसोइया किसान मजदूर पर लाठी चार्ज करती है। जो घोर निंदनीय है।

# विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**दैनिक बिहार पत्रिका , एक संवाददाता**

**खगड़िया** | बेलदौर प्रखंड मुख्यालय अवस्थित आईटी भवन के सभागार कक्ष में अंचलाधिकारी सुबोध कुमार एवं राजस्व अधिकारी राकेश कुमार के स्थानान्तरण के उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार ने किया जबकि मंच संचालन मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि तथा कर्मचारियों ने उन दोनों पदाधिकारी के विदाई आयोजित कार्यक्रम के तहत अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर राजस्व कर्मचारी रामदेव पंडित मुखिया वीरेंद्र सहनी गौरी शंकर शर्मा संगीता देवी अनिल सिंह राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार सागर कुमार गोपाल मिश्रा सहित दर्जनों गन्यवाण व्यक्ति मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर दो दिवसीय मेला के साथ-साथ दंगल का आयोजन



**दैनिक बिहार पत्रिका , एक संवाददाता**

**बेलदौर** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा को लेकर दो दिवसीय मेला के साथ-साथ दंगल का आयोजन प्रत्येक वर्ष करवाया जा रहा है। मालूम हो कि बीते बुधवार से आदर्श गांधी इंटर विद्यालय पीरनगरा में अंतिम दिन दंगल प्रतियोगिता देखने के लिए हजारों की संख्या में भी उमड़ पड़ी मेला कमेटियों को भीड़ संभाल पाना नामुमकिन सा साबित हो रहा था। मेला में आए झूला अप्पू घर एवं बर्तन, फर्नीचर की दुकान मे विभिन्न विभिन्न तरह के सामानों को देखकर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। वहीं रात्रि में आदर्श युवा नाट्य कला परिषद की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मेला कमेटियों के द्वारा हर एक जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही थी। वही दंगल में आए नेपाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर तथा बिहार सहित देश के कोने-कोने से पहलवान पहुंचे थे। पटना एवं उत्तर प्रदेश से आई महिला पहलवान अपना जलवा दिखाइ पटना की महिला पहलवान ने दिल्ली की महिला पहलवान को चित कर दिया दूसरी और उत्तर प्रदेश की महिला पहलवान ने बाजी मार लिया। वही बिहार के पुरुष पहलवान ने भी अपना जलवा दिखाया जम्मू कश्मीर से राकेश पहलवान ने यूपी के पहलवान को चित कर दिया। गोरखपुर शक्ति, जम्मू कश्मीर कबीर, दिल्ली राहुल,यूपी कल्लू, यूपी विक्रम, एवं शेरा पहलवान ने अपना जलवा दिखाया जहां दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट पूरा अखाड़ा परिसर गुंजमान हो रहा था।, शिक्षक नेता ब्रजेश यादव, संगम कुमार, सरपंच गजेंद्र राम, पंचायत समिति प्रतिनिधि बृजेश यादव पूर्व मुखिया इंद्रदेव पासवान सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। कला को देखने के लिए को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ खचाखच भरी हुई थी

# जमीनी स्तर पर एक लाख युवाओं की राजनिति में होगी भागीदारी

**दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया**

**यूथ क्लब के तहत बिहार में जमीन से चुनकर निकाल रहे 1 लाख युवा, ताकि ये राजनीति में आएं, चुनाव जीतें और बिहार को बेहतर बनाएं: प्रशांत किशोर**



जन सुराज अभियान के तहत हर जिले में यूथ क्लब खोले जा रहे हैं जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि हमारा पहला लक्ष्य है कि यूथ क्लब के तहत बिहार में एक लाख बच्चों को जमीन से चुनकर निकालें और उन्हें 3 साल, 4 साल और 5 साल प्रशिक्षत करें ताकि ये युवा ना केवल राजनीति में आएं बल्कि चुनाव जीतें और अपनी जगह बनाएं। तभी राजनीति में परिवारवाद खत्म होगा। हमारा एक लक्ष्य है कि 1 लाख बच्चों को जन सुराज अपने संसाधन पर, अपना खर्च लगाकर ये अवसर दे रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि हर पंचायत में 8 से 10 ऐसे बच्चों को चुनकर यूथ क्लब के जरिए एक साल में उनका आंकलन होगा। ये एक प्रकार से युवाओं को जांचने का तरीका है। क्लब खोलने से आप नेता नहीं बनिएगा, कैरम बोर्ड खिलाकर और बच्चों को बैठाकर पढ़ाने से आप नेता नहीं बनिएगा। ये तरीका है कि 12-15 हजार की आबादी वाले इलाके में से ऐसे युवाओं को खोजने का जो सामाजिक-राजनीतिक तौर पर जागरुक हैं। जिनको अगर प्रशिक्षण दिया जाए तो उनमें पात्रता है कि उन्हें सिखाया जा सकता है। ये व्यवस्था है कि अगर उन युवाओं को सामान, संसाधन व्यवस्था दे दें, तो वे घर-घर जाकर लोगों की मदद कर सकते हैं और अपने लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर सकते हैं। ये जरूरी नहीं है कि जितने लोगों ने क्लब खोला है वो सब आगे बढ़ जाएंगे। लक्ष्य ये है कि एक लाख में से अगर 10 हजार लोग भी आगे निकल गए, 1 लाख युवाओं में 5 हजार युवा भी अगर मुखिया बन गए तो उससे बिहार सुधरेगा। क्योंकि ये युवा जब नीचे से ऊपर उठेंगे, मुखिया बनेंगे और समिति सदस्य बनेंगे तो सुधार होगा। ये बदलाव एक दिन में नहीं होगा।

# जबरन बेदखल किया 33 परचाधारी महादलित परिवार को

**दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया**

अलौली अंचल के सोनमनकी के 33 बंदोबस्त परचाधारी महा दलित परिवार को जमीदार के इशारे पर पुलिस प्रशासन के द्वारा घर उजाड़ कर बेदखल किया गया एवं उक्त जमीन पर जमींदार के द्वारा मिट्टी भराई एवं जमीन की घेराबंदी का काम शुरू किया। घटना की सूचना मिलने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकारिणी सदस्य शह विधायक कामरेड सूर्यकांत पासवान, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड प्रभाशंकर सिंह , खगड़िया जिला मंत्री कां प्रभाकर प्रसाद सिंह, सहायक जिला मंत्री पुनीत मुखिया, घटनास्थल पर पहुंचकर महादलित परचाधारियों से मिलकर उनके समस्याओं से अवगत हुए महादलित परचाधारियों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं को बताया की रात के अंधेरे में पुलिस पुलिस प्रशासन के लोग आकर हमारे घर को जमीन पर से हटा कर बेदखल कर दिया एवं जमींदार को मदद कर मिट्टी भराई एवं चारदीवारी का काम करवाया जा रहा है विधायक कामरेड सूर्यकांत पासवान के द्वारा प्रशासन से बात कर अभिलंब मिट्टी भराई एवं निर्माण कार्य को रोक लगाया गया। प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया की परचाधारियों के जमीन को चिन्हित कराकर दखल दिलाने का आश्वासन दिया।

# सरस्वती प्रतिमा में चौकस रही गोगरी पुलिस

गोगरी। सरस्वती प्रतिमा विसर्जन में गोगरी पुलिस चौकस थी। चौक चौराहे पर पुलिस अधिकारी के साथ सशस्त्र बलो की ड्यूटी लगाई गई थी। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने गुरुवार को बताया कि प्रतिमा स्थापित करने वाले कमिटी को लाइसेंस निर्गत किया गया है। निर्धारित समय पर प्रतिमा विसर्जन करने को कहा गया है।


# बछौता से अलग अलग मामले में दो गिरफ्तार

खगड़िया। मोरकाही थाना क्षेत्र के बछौता गांव से अलग अलग मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष विजय कुमार सहनी ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान बछौता के सुमेश कुमार एवं एक अन्य को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



# रणबीर की एनिमल को देख भड़की हुमा

रणवीर कपूर की फिल्म एनिमल को लेकर अब भी लगातार चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल को लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने इस पर खुलकर बात की। हुमा ने



कहा कि उन्हें रश्मिका और रणबीर की ये फिल्म बहुत पसंद आई है। इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने इस फिल्म के एक सीन को करने की इच्छा भी जाहिर की। हुमा का फिल्म पर दिया गया ये बयान सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात को दर्शक तय करें कि उन्हें ये फिल्म देखनी है या फिर नहीं। मुझे इस तरह की फिल्म करना पसंद है। जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और लोगों को मार सकूं। मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि बतौर एक्ट्रेस मैं किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनूं, जो बेहद रोमांचक हो और इतना ज्यादा विनाशकारी हो।

**कई समाज सुधारक फिल्में बन चुकी हैं**

जब मैं वुल्फ ऑफ वॉल या वाएलेंस वाली फिल्में देखती हूं तो मुझे ऐसी फिल्में करने का मन करता है। अगर लोगों को लगता है कि ये फिल्में वाकई समाज को प्रभावित करती हैं तो अब तक समाज में सुधार हो चुका होता, क्योंकि कई समाज सुधारक फिल्म बन चुकी हैं। अगर वो अब तक नहीं सुधरा तो अब नहीं बिगड़ेगा। मेरा मानना तो ये है कि एनिमल भी बनाओ और महारानी भी बनाओ। जब तक लोगों को पसंद आए।

# सिंघम 3 से सामने आया अर्जुन कपूर का धांसू लुक

फिल्म सिंघम का तीसरा पार्ट सिंघम 3 इन दिनों काफी चर्चा में बनी बना हुआ है। रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम 3 से अभी तक कई स्टार्स के लुक सामने आ गए हैं। अजय देवगन से लेकर करीना कपूर तक सभी स्टार्स का लुक काफी दमदार लगा। सिंघम 3 में कुछ नए स्टार्स की भी एंट्री हुई हैं। फिल्म सिंघम 3में दीपिका पादुकोण भी नजर आने वाली हैं। इसके अलावा फिल्म में अर्जुन कपूर की एंट्री भी पक्की हो गई है। अब फिल्म सिंघम 3 से अर्जुन कपूर का पहला लुक भी सामने आ गया है। अर्जुन कपूर के इस लुक को देखने के बाद हर कोई हैरान है। अब रोहित शेट्टी की इस फिल्म से विलेन का लुक भी सामने आ गया है। सिंघम 3 से सामने आया अर्जुन कपूर का लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।





# बाफ्टा अवॉर्ड्स की शान बनेंगी दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का साल 2023 काफी शानदार रहा। पिछले साल वो 'जवान', 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही इस साल की शुरुआत भी 'फाइटर' के साथ हुई है। इसमें उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर की है। इसमें अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी दिखाई देंगे। बॉलीवुड ही नहीं साउथ में भी अब वो अपना सिक्का जमा रही हैं। साथ ही उनके पास रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' है। ऐसे में अगर कहा जाए कि दीपिका की किस्मत के सितारे इस वक्त बुलंद चल रहे हैं, तो गलत नहीं होगा। अब दीपिका पादुकोण लंदन में होने वाले बाफ्टा अवॉर्ड्स 2024 में नजर आने वाली हैं। अवॉर्ड्स सीजन की शुरुआत हो चुकी है। कुछ अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन लिस्ट आ गई है, तो वहीं कुछ अवॉर्ड्स पहले ही दिए जा चुके हैं। अब बाफ्टा यानी 'ब्रिटिश अकैडमी फिल्म अवॉर्ड्स' की बारी है, जिसका आयोजन लंदन में 18 फरवरी को होने वाला है। इसमें दीपिका पादुकोण भी शामिल होंगी। वो इसमें डेविड बेकहम से लेकर दुआ लीपा जैसे जाने-माने सितारों को ज्वॉइन करेंगी और बतौर प्रेजेंटर हिस्सा लेंगी। दीपिका के साथ 'द क्राउन' स्टार एम्मा कोरिन और गिलियन एंडरसन, हिमेश पटेल और इदरीस एल्बा, 'साल्टबर्न' स्टार बैरी केओघन, 'मेस्ट्रो' एक्टर ब्रेडली कूपर और कैरी मुलिगन, 'ओपेनहाइमर' एक्टर किलियन मर्फी और डायरेक्टर ग्रेटा ग्रेविग, क्रिस्टोफर नोलन जैसे कई कलाकार इस अवॉर्ड फंक्शन में शामिल होने वाले है।

# प्रभास की फिल्म स्पिरिट में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना



ब्लॉकबस्टर फिल्म सलार देने वाले अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी अगली फिल्म स्पिरिट को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। वहीं रश्मिका मंदाना भी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं। बता दें कि गत वर्ष 900 करोड़ से ज्यादा कमाई देने वाली एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि अभिनेता और निर्देशक का यह मिलन बॉक्स ऑफिस पर एक और एक हजार करोड़ी फिल्म देने की तैयारी में है। वांगा के निर्देशक इन दिनों तीन फिल्मों पर काम कर रहे हैं। उनमें से एक फिल्म एनिमल का सीक्वल एनिमल पार्क है, जिसमें वे एक बार फिर से रणबीर कपूर के साथ काम करेंगे, दूसरी फिल्म स्पिरिट है, जिसमें प्रभास हैं और तीसरी अनाम फिल्म के लिए उन्होंने अल्लू अर्जुन के साथ हाथ मिलाया है। ताजा समाचारों के अनुसार प्रभास अभिनीत स्पिरिट में एनिमल फेम रश्मिका मंदाना की एंट्री हो गई है। इसका बजट 'एनिमल' से चार गुना ज्यादा 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। संदीप रेड्डी वांगा बड़े स्केल पर 'स्पिरिट' को बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। 'एनिमल' के बाद वो किसी भी तरह का रिस्क लेने को तैयार नहीं हैं। इसी बीच रश्मिका मंदाना की फिल्म में एंट्री की खबर सामने आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। ये पहली बार होगा, जब प्रभास और रश्मिका मंदाना बड़े पर्दे पर साथ काम करते नजर आएंगे।' स्पिरिट' को लेकर अब तक रश्मिका मंदाना, प्रभास या फिर निर्देशक की तरफ से कोई ऐलान नहीं किया गया है। लेकिन प्रभास के अपोजिट में दो नामों की काफी वक्त से चर्चा थीं। रश्मिका के अलावा दूसरा नाम कियारा आडवाणी का है।



## रामधुनी यज्ञ के लिए निकाली कलश यात्रा

**दैनिक बिहार पत्रिका , महेशखूंट।** थाना क्षेत्र के सार्वजनिक सरस्वती स्थान काजीचक में रामधुनी यज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश शोभा यात्रा में 511 कन्याओं ने भाग लिया। जो गाजे-बाजे के साथ बन्नी घाट स्थित गंगा नदीं पर पहुंची। जहां गंगा नदी में स्नान करने के बाद जल भरकर सिर पर कलश लिए पीले वस्त्रत् धारण किए खाली पैर झिकटिया, हड़बड़ी चौक,केशव चौक, लोहिया चौक,असामरोड, पुरानी बाजार, काजीचक आदि गांव होते हुए तीन किलोमीटर की दूरी को यात्रा कर यज्ञ स्थल पर पहुंची। जिले सहित नेपाल के कलाकार मंडली भी रामधुन संगीत के धुन पर अपने अद्भुत कलाकारी का प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शंभु चौरसिया, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार सुमन आदि मौजूद थे।

## कुख्यात के घर हुई कुर्की-जब्ती

**दैनिक बिहार पत्रिका, सलखुआ।** फरकिया दियारा के कनरिया ओपी क्षेत्र के सुखासनी गांव में ओपीध्यक्ष अमरज्योति के साथ कुशेश्वरस्थान थाना के तिलकेश्वर ओपी प्रभारी के संयुक्त रूप से कुशेश्वर थाना कांड संख्या 102/22 के तहत 302 के फरारी आरोपी दीपक यादव के घर में कुर्की किया गया है। वहीं कुशेश्वरस्थान थाना कांड संख्या-132/22 के फरारी आरोपी अमरजीत यादव के घर कुर्की जब्ती की गयी।

## बाइक की टक्कर में दो युवक जख्मी

**दैनिक बिहार पत्रिका, सहरसा।** सदर थाना क्षेत्र सुलिदाबांद समीप दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर में दो युवक हो गया। गंभीर रूप से जख्मी एक युवक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी पहचान नहीं हुई है। जबकि दूसरे जख्मी बटराहा निवासी कन्हैया कुमार का शहर के निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन किया ।

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267